**Code No. कोड नं. 64/1/1**

- Please check that this question paper contains **8** printed pages **+2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **19** questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8 + 2** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **19** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# GEOGRAPHY (Theory)
# भूगोल (सैद्धान्तिक)

***Time allowed : 3 Hours*** | ***Maximum Marks : 70***

***निर्धारित समय : 3 घण्टे*** | ***अधिकतम अंक : 70***

***General Instructions :***

*(i) There are* ***19*** *general questions.*

*(ii) All questions are compulsory.*

*(iii) Marks for each question are indicated against it.*

*(iv) Question numbers* ***1*** *to* ***10*** *are short answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answer to each of these questions should not exceed* ***80*** *words.*

*(v) Question numbers* ***11*** *to* ***15*** *are also short answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answer to each of these questions should not exceed* ***120*** *words.*

*(vi) Question numbers* ***16, 17*** *and* ***18*** *are long answer questions of* ***5*** *marks each. Answer to each of these questions should not exceed* ***150*** *words.*

*(vii) Question no.* ***19*** *contains test items of very short answer. It is of* ***5*** *marks.*

*(viii) Outline maps of the* ***world*** *and* ***India*** *provided to you must be attached with your answer book.*

*(ix) Use of* ***templates*** *or* ***stencils*** *for drawing outline maps is allowed.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) सामान्य प्रश्नों की कुल संख्या* ***19*** *है।*

*(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिये हैं।*

*(iv) प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***10*** *तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के* ***3*** *अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***80*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(v) प्रश्न संख्या* ***11*** *से* ***15*** *तक भी लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के* ***4*** *अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***120*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(vi) *प्रश्न संख्या* ***16, 17*** *और* ***18*** *लम्बे-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के* ***5*** *अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(vii) *प्रश्न संख्या* ***19*** *में अति लघु-उत्तरों की परीक्षण-मदें शामिल हैं। इसके* ***5*** *अंक हैं।*

(viii) ***संसार*** *और* ***भारत*** *के दिए गए रेखा-मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका में अवश्य नत्थी करिये।*

(ix) *रेखा-मानचित्र बनाने के लिये* ***साँचों*** *या* ***स्टेंसिलों*** *के प्रयोग की अनुमति दी जाती है।*

1. Which approach in the study of human geography was followed by Lucian Febvre ? State **two** characteristics of this approach. **1+2=3**

   मानव भूगोल के अध्ययन के लिए लूसियन फेबव्रे ने किस विचारधारा का अनुसरण किया ? इन विचारधारा की **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

2. What is pastoral nomadism ? State its **four** characteristics. **1+2=3**

   चलवासी पशुचारण किसे कहते हैं ? इसकी **चार** विशेषताएँ बताइए।

3. Explain **three** factors which are responsible for the development of inland waterways. **3×1=3**

   अंतःस्थलीय जलमार्ग के विकास के लिए उत्तरदायी **तीन** कारकों की व्याख्या कीजिए।

4. Distinguish between primary and secondary activities by stating **three** points of each. **3×1=3**

   प्राथमिक और द्वितीयक व्यवसायों में प्रत्येक के **तीन-तीन** अंतर स्पष्ट कीजिए।

5. What is rainwater harvesting ? State its **four** main objectives. **1+2=3**

   वर्षा जल संग्रहण किसे कहते हैं ? इसके **चार** प्रमुख उद्देश्य बताइए।

6. Why is agricultural productivity still low in India ? Write **three** main reasons. **3×1=3**

   भारत में कृषि उत्पादकता अभी भी कम क्यों है ? **तीन** प्रमुख कारण लिखिए।

7. State **two** main characteristics of major seaports of India. Name any **two** States which have **two** major ports. **2+½+½=3**

   भारत के प्रमुख समुद्र-पत्तनों की **दो** मुख्य विशेषताएँ बताइए। किन्हीं **दो** राज्यों के नाम लिखिए जहाँ दो प्रमुख पत्तन हैं।

8. In what **three** ways natural resources help humans ? Explain with suitable examples from India. **3×1=3**

   प्राकृतिक संसाधन किन **तीन** तरीकों से मानव के लिए सहायक हैं ? भारत से उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

9. Draw or trace in your answer-book the outline map of India, with the help of map given on page 3 and mark the following therein :


   (9.1) Industrial region No. 3 with its name.

   (9.2) Industrial region No. 5 with its name. **1+1+1=3**

नीचे दिए गए मानचित्र की मदद से भारत का रेखा-मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका में बनाइए अथवा ट्रेस कीजिए और उसमें निम्नलिखित को अंकित कीजिए :

(9.1) औद्योगिक प्रदेश संख्या 3 तथा उसका नाम

(9.2) औद्योगिक प्रदेश संख्या 5 तथा उसका नाम




**For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 9.**

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्र. सं. 9 के स्थान पर।**

(9.1) Name the major industrial region in the State of Jharkhand.

(9.2) How many major industrial regions are there in India ?

(9.3) Which industrial region of India is famous for jute textiles ? **3×1=3**

(9.1) झारखंड राज्य में स्थित एक प्रमुख औद्योगिक प्रदेश का नाम लिखिए।

(9.2) भारत में कुल कितने प्रमुख औद्योगिक प्रदेश हैं ?


(9.3) जूट वस्त्रों के लिए भारत का कौन-सा औद्योगिक प्रदेश प्रसिद्ध है ?

10. Study the following map and answer the questions given below :

(10.1) Name the railway line shown in this map.

(10.2) In which country this railway line lies ?

(10.3) Name the two ocean coasts which are linked by this railway line. **3×1 = 3**





नीचे दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(10.1) इन मानचित्र में दिखाई गई रेलवे लाइन का नाम बताइए।

(10.2) यह रेलवे लाइन किस देश में है ?

(10.3) उन दो महासागरों के तटों के नाम लिखिए जिन्हें यह रेलवे लाइन जोड़ती है।



**For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 10.**

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्र. सं. 10 के स्थान पर।**

(10.1) Name the famous seaport located on the south-west coast of Australia,

(10.2) Name the longest railway line in Australia.

(10.3) Name the two terminal stations of the longest railway line of Australia. **3×1 = 3**

(10.1) आस्ट्रेलिया के दक्षिण-पश्चिम तट पर स्थित एक प्रसिद्ध समुद्रपत्तन का नाम लिखिए।

(10.2) आस्ट्रेलिया के सबसे लम्बे रेलमार्ग का नाम लिखिए।

(10.3) आस्ट्रेलिया के सबसे लम्बे रेलमार्ग के अन्तिम सिरों के दो स्टेशनों के नाम लिखिए।

11. Explain any **four** types of rural settlement patterns found in India. **4×1 = 4**

भारत में पाये जाने वाले ग्रामीण बस्तियों के प्रारूपों के किन्हीं **चार** प्रकारों की व्याख्या कीजिए।

12. How does flexible production differ from flexible specialisation ? Explain with **two** examples of each. **2+2 = 4**

लोचयुक्त उत्पादन, लोचयुक्त विशिष्टीकरण से किस प्रकार भिन्न है ? प्रत्येक की **दो** उदाहरण देकर व्याख्या कीजिए।

13. **Development of Super Highways in India**

| **Project** | **Total length** | **Connecting** | **Already Completed** | **Under Implementation** | **Contracts to be awarded for** | **Completion Target** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Golden Quadrilateral** | 5,846 Kms. | **Delhi-Mumbai-Chennai-Kolkata-Delhi** | 1,159 Kms. | 4,551 Kms. | 136 Kms. | Substantial completion by Dec. 2003 |
| **North-South** and **East-West Corridors** | 7,300 Kms. | **Srinagar to Kanyakumari**<br>**Silchar to Saurashtra (Porbandar)** | 800 Kms. | 688 Kms. | 5,812 Kms. | Dec. 2007 |
| Connectivity to **10 major ports** | 363 Kms. | **Kandla, Jawaharlal Nehru, Mormugoa, Mangalore, Cochin, Tuticorin, Chennai & Ennore, Vishakhapatnam, Paradip and Haldia** | 56 Kms. | 113 Kms. | 194 Kms. | Dec. 2005 |
| **Others** | 653 Kms. | | 136 Kms. | 179 Kms. | 338 Kms. | Dec. 2007 |

Study the above table and answer the questions given below:

(13.1) What is the total length of North-South and East-West Corridors ?

(13.2) What is the completion target of these Corridors ?

(13.3) Name the four metropolitan cities of India which are to be connected by the Golden Quadrilateral. **1+1+2 = 4**

**भारत में परम राजमार्गों का विकास**

| परियोजना | कुल लम्बाई | जो जोड़ेगी | पूरा हो चुका कार्य | कार्यान्वयन के अधीन | ठेके दिये जाने हैं | कार्य पूरा करने का लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **स्वर्णिम चतुर्भुज** | 5,846 कि.मी. | **दिल्ली-मुम्बई-चेन्नई-कोलकाता-दिल्ली** | 1,159 कि.मी. | 4,551 कि.मी. | 136 कि.मी. | दिसम्बर, 2003 तक अधिकांश कार्य पूरा हो जाएगा |
| **उत्तर-दक्षिण** और **पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर** | 7,300 कि.मी. | **श्रीनगर से कन्याकुमारी**<br>**सिल्चर से सौराष्ट्र (पोरबन्दर)** | 800 कि.मी. | 688 कि.मी. | 5,812 कि.मी. | दिसम्बर, 2007 |
| **10 प्रमुख बन्दरगाहों** को जोड़ना | 363 कि.मी. | **कांडला, जवाहर लाल नेहरू, मोरमुगोआ, मंगलौर, कोचिन, तुतिकोरिन, चेन्नई, और एन्नौर, विशाखापत्तनम, पारादीप तथा हल्दिया** | 56 कि.मी. | 113 कि.मी. | 194 कि.मी. | दिसम्बर, 2005 |
| **अन्य** | 653 कि.मी. | | 136 कि.मी. | 179 कि.मी. | 338 कि.मी. | दिसम्बर, 2007 |

ऊपर दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(13.1) उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर की कुल लम्बाई क्या है ?

(13.2) इन दोनों कॉरिडोरों के निर्माण कार्य को पूरा करने का लक्ष्य क्या है ?

(13.3) भारत के उन चार महानगरों के नाम लिखिए जो स्वर्णिम चतुर्भुज से जोड़े जाएंगे।

14. Describe any **four** sources of air pollution in India. **4×1 = 4**

भारत में वायु प्रदूषण के किन्हीं **चार** स्रोतों का वर्णन कीजिए।


15. Study the diagram given on page 7 and answer the following questions :

(15.1) Name the country with which both the import and export of the U.S.A. are lowest.

(15.2) How much is the total value of trade of the U.S.A. with Western Europe ?

(15.3) How much is the value of imports of the U.S.A. from Japan ?

(15.4) What is the balance of trade of the U.S.A. with Canada ? **4×1 = 4**





नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(15.1) उस देश का नाम लिखिए जिसके साथ सं.रा.अ. का आयात और निर्यात दोनों सबसे कम है।

(15.2) सं.रा.अ. का पश्चिमी यूरोप के साथ कुल कितने मूल्य का व्यापार है ?

(15.3) सं.रा.अ. जापान से कितने मूल्य का आयात करता है ?

(15.4) सं.रा.अ. का कनाडा के साथ व्यापार सन्तुलन क्या है ?




**For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 15.**

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्र. सं. 15 के स्थान पर।**

(15.1) What situation arises if exports exceed imports ?

(15.2) What is balance of trade ?

(15.3) What is negative balance of trade ?

(15.4) What is the meaning of bilateral trade ? **4×1 = 4**

(15.1) यदि निर्यात, आयात से अधिक हो जाए तो क्या स्थिति बनती है ?

(15.2) व्यापार सन्तुलन किसे कहते हैं ?

(15.3) विलोम व्यापार सन्तुलन किसे कहते हैं ?

(15.4) द्विपक्षीय व्यापार किसे कहते हैं ?

16. Describe in brief, **five** different types of areas of low density of population in the world. **5×1=5**

संसार में जनसंख्या के निम्न घनत्व वाले **पाँच** विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

17. Explain the term 'Human Development'. Why is Human Development necessary ? Give **four** reasons. **1+4=5**

'मानव विकास' शब्द को स्पष्ट कीजिए। मानव विकास क्यों आवश्यक है ? **चार** कारण दीजिए।

18. What are the 'squatter settlements' and 'slums' ? Describe **three** main characteristics of squatter settlements. **2+3=5**

'अनधिकृत बस्तियाँ' और 'मलिन बस्तियाँ' किन्हें कहते हैं ? अनधिकृत बस्तियों की **तीन** प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

19. (19.1) In the given outline map of the world four features are shown as A, B, C and D. Identify them with the help of map legend and write their correct names on the dotted lines given in the map. **4×½=2**

(19.2) On the outline political map of India provided to you, locate and label the following with appropriate symbols :

(i) A nuclear power plant in Tamil Nadu.
(ii) One major seaport in Karnataka.
(iii) A state where Telugu is mainly spoken. **3×1=3**

(19.1) संसार के दिए गए रेखा-मानचित्र में चार लक्षण A, B, C और D दिखाए गए हैं। मानचित्र की कुंजी की सहायता से उन्हें पहचानिए और मानचित्र में दी गई खंडित रेखाओं पर लक्षणों के सही नाम लिखिए।

(19.2) आपको दिए गए भारत के राजनैतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिन्हों द्वारा दर्शाइए :

(i) तमिलनाडु में स्थित एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र।
(ii) कर्नाटक का एक प्रमुख समुद्र-पत्तन।
(iii) एक राज्य जहाँ तेलुगू मुख्यतः बोली जाती है।

**For Blind Students only in lieu of Q. No. 19.**

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्र. सं. 19 के स्थान पर।**


(19.1) Name the East Asian country famous for tea production.
(19.2) Name the smallest ocean of the world.
(19.3) Which is the famous nuclear energy plant in Tamil Nadu ?
(19.4) Name one major seaport in Karnataka.
(19.5) In which state of India Telugu is mainly spoken ? **5×1 = 5**

(19.1) पूर्वी एशिया के एक देश का नाम लिखिए जो चाय के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।
(19.2) संसार के सबसे छोटे महासागर का नाम लिखिए।
(19.3) तमिलनाडु में एक प्रसिद्ध परमाणु ऊर्जा संयंत्र कौन सा है ?
(19.4) कर्नाटक के एक प्रमुख पत्तन का नाम लिखिए।
(19.5) भारत के किस राज्य में तेलुगू प्रमुखतः बोली जाती है ?

**For Q. No. 19.1** **प्रश्न सं. 19.1 के लिये**

# संसार प्राकृतिक — THE WORLD PHYSICAL

Scale Along Equator: Kms. 1000 0 1000 2000 3000 4000 5000 Kms.




A ⬬ Tea Producing Asian country / चाय पैदा करने वाला एशियाई देश

B - - An Ocean / एक महासागर

C ○ A Port / एक पत्तन


D ⁘ An Area with 0-3 Density of Population / 0-3 जन घनत्व वाला क्षेत्र

For Q. No. 19.2

प्रश्न सं. 19.2 के लिये

**INDIA** POLITICAL (Showing States) AND ADJACENT COUNTRIES

**भारत** राजनैतिक (प्रादेशिक सीमाएं दर्शित) और पड़ोसी देश




© Government of India Copyright, 2001

Based upon Survey of India map with the permission of the Surveyor General of India.
The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate base line.
Responsibility for the correctness of the internal details rests with the Publishers.
The External Boundary and Coast-line of India shown on this map agree with the Record copy approved by the Survey of India. Dehra Dun.
The Administrative Headquarters of Chandigarh, Haryana and Punjab are at Chandigarh.